हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

बिलासपुर, सोमवार, 25 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत और लगन जरुरी
4



## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष अभियान आज से

**मालखरौदा।** विकास खंड मालखरौदा के 31 ग्राम पंचायतों में 25 अगस्त और 28 अगस्त तक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान में स्वास्थ्य विभाग और जनपद विभाग के अधिकारी कर्मचारी खंड चिकित्सा अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मालखरौदा के द्वारा ड्यूटी आदेश जारी किया गया हैं। जिसमें दोनों विभाग द्वारा समन्वय बनाकर 31 ग्राम पंचायतों आडील, अड़भार ,किरारी ,कुरदा चरोदा छपोरा लीमगांव नवापारा पिरदा बरभाठा पिहरिद पोता,मुक्ता फगुरम बड़े सीपत छोटे सीपत, बुंदेली, भठोरा मरघट्टी, चिखली, मालखरौदा, मुड़पार, सकर्रा, मोहंदीकला, मन्द्रगोड़ी, सपिया, सारसकेला सिंघरा, परसाडीह सुलोनी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति का वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए राशन कार्ड , आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल साथ में लाना जरूरी है। राशन कार्ड और आधार कार्ड में हितग्राही का नाम एक समान होना और मोबाइल नंबर हितग्राही के आधार कार्ड के नंबर से लिंक होना अनिवार्य है । डॉ मृत्युंजय राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि जिस किसी ग्रामीण का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, वह आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान पहुंच कर इस शिविर का लाभ उठा सकता है।

### जिले के 10 स्थानों पर बनाए जाएंगे महतारी सदन

**जांजगीर-चांपा।** प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। जिले के 10 ग्रामों में पंचायतों में 30-30 लाख की लागत से महतारी सदन बनेगा। जिसमें विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम चोरिया, सरहर, बम्हनीडीह, बिर्रा, विकासखंड पामगढ़ के ग्राम धरदेई व मेउभांठा, विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार, विकासखंड बलौदा के ग्राम जवें (ब), विकासखंड नवागढ़ के ग्राम सेमरा व पचेड़ा में महतारी सदन बनाये जाएंगे। महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

### महुदा में एक पेड़ मां के नाम लगाए गए पौधे

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम महुदा (ब) जुनाडीह में एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत पौधरोपण किया गया। जिला प्रशासन और रेडिएंट कोल बेनिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड व महावीर कोलवाशरी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से ग्राम महुदा (ब) जुनाडीह के अलग-अलग स्थानों में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों उद्योगों द्वारा 10-10 हेक्टेयर भूमि पर 10-10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधों की फेंसिंग, सिंचाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित इंडस्ट्रीज के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आंवला, पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय एवं डीएफओ हिमांशु डोंगरे ने आम का पौधा लगाया। वृक्षारोपण में काला शीशम, करंज, आम, आंवला, अमरूद, कोइलार, कटहल, नीम एवं सफेद शीशम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये गये।

# बीमा की राशि पाने और पिता का कर्ज चुकाने युवक ने रची खुद की मौत की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बीमा की रकम से पिता का कर्ज चुकाने के लिए एक युवक ने खुद के मौत की झुठी साजिश रच डाली। युवक के नदी में डूबकर मौत की आशंका में पुलिस उसकी खोजबीन करती रही। आख़रिकार चार दिन बाद युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

दरअसल शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तनौद निवासी 21 वर्षीय कौशल श्रीवास 19 अगस्त को लापता हो गया। उसकी बाइक और मोबाईल शिवनाथ नदी के पूल पैसर घाट में मिली। कौशल के पिता तिलक राम श्रीवास ने पामगढ़ थाना में अपने बेटे के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। कौशल के नदी में डूबने की आशंका में पुलिस ने उसकी काफ़ी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका, चार दिन बाद कौशल ने अपने भाई को फोन कर बिलासपुर रेलवे स्टेशन में होने की जानकारी दी। पुलिस ने बिलासपुर जाकर कौशल को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि कौशल के पिता का लाखो रूपये का कर्जा है, और कौशल का 40 लाख रूपयें का बीमा था, घर की परेशानी से छुटकारा पाने के लिए कौशल श्रीवास ने अपने आप को मृत घोषित कर बीमा राशि पाने के लिए यह षड्यंत्र रचा था। कौशल ने बताया कि पैसर पुल के पास बाइक छोड़कर वह पैदल पामगढ़ चला गया। वहां से बस से 20 अगस्त को बिलासपुर पहुंचा। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से 21 अगस्त को दिल्ली फरिदाबाद चला गया। रात स्टेशन में बिताने के बाद 22 अगस्त को वापस दिल्ली स्टेशन से बिलासपुर के लिए निकला। वह 23 अगस्त को बिलासपुर पहुंचा। यात्रा के दौरान अपने मोबाईल को उसने स्टेशन फेक दिया था। बिलासपुर स्टेशन से 23 अगस्त की शाम करीब 5 बजे किसी का मोबाईल मांगकर उसने अपने आप को अपने सकुशल होने की जानकारी दी। सायबर सेल एवं पामगढ पुलिस द्वारा तत्काल आरपीएफ बिलासपुर एवं उसलापुर को गुम इंसान का फोटो भेजकर स्टेशन क्षेत्र में पतासाजी करने सूचना दिया गया। जांजगीर पुलिस ने बिलासपुर जाकर कौशल को पकड़ लिया। कौशल श्रीवास द्वारा पुलिस व अपने परिवार, गांव वालो को गुमराह करना पाए जाने से पुलिस उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है ।

## चार दिन तक नदी में खोजबीन करती रही पुलिस

**खास बातें**

- 19 अगस्त की शाम युवक हुआ लापता
- 20 अगस्त को पहुंचा बिलासपुर
- 21 अगस्त को ट्रेन से गया दिल्ली
- 22 अगस्त को दिल्ली से बिलासपुर के लिए निकला
- 23 अगस्त को ट्रेन से बिलासपुर पहुंचा



**की जाएगी कार्रवाई**

पुलिस ने युवक की खोजबीन के लिए काफी प्रयास किया। गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से नदी में तलाश की गई। युवक खुद साजिश रचकर गायब हो गया था। बीमा की राशि पाने और पिता का कर्ज चुकाने उसने अपने मौत की झूठी साजिश रची थी। युवक ने अपने भाई को फोन किया, जिसके आधार पर उसे बिलासपुर से पकड़ा गया। अब युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-उमेश कश्यप, एडिशनल एसपी

## पनप रहा आक्रोश, अधिक दामों में खरीदने की मजबूरी

# सेवा सहकारी समितियों में खाद की किल्लत, भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर

खाद की किल्लत इन दिनों किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। समितियों में खाद नहीं होने से किसान परेशान हो रहे है। खाद नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। किसानों के साथ समिति के कर्मचारियों का आए दिन विवाद भी हो रहा है।

सेवा सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी, पोटाश जैसे महत्वपूर्ण कृषि खाद के नहीं पहुंचने से किसानों के कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिसके चलते उनके मध्य प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर आक्रोश पनपने लगा है। आमगांव कोटेतरा, नंदेली, ठूठी, दतौद, पथर्रा सहित दर्जनों गांव के किसान यूरिया खाद के संकट से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि व्यापारियों को मनमाने दाम में बेचने के लिए सहजता से खाद कहां से उपलब्ध हो रहा है। वही किसानों के लिए खाद की व्यवस्था नहीं है। अवैध भंडारण कर खाद की ब्लैक मार्केटिंग करने वालों पर अभी तक प्रशासनिक स्तर पर कहीं पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। किसानों का कहना है कि खुले मार्केट में यूरिया 700 सौ से लेकर 900 के दर पर बेची जा रही है और किसानों की मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जय शुक्ला ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि सेवा सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया जैसे खाद का भंडारण हो एवं अवैध भंडारण कर खाद की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले व्यापारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही समय से पहले किसनों की समस्याओं के निवारण के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल की मांग की।



### सोसायटी में खाद की कमी का फायदा उठा रहे व्यापारी

**फगुरम।** इन दिनों क्षेत्र के सोसायटियों में खाद नहीं होने का निजी व्यापारी फायदा उठा रहे है। खाद दोगुने दाम पर किसानों को बेचा जा रहा है। किसानों का कहना है कि इन दिनों धान की फसल में खाद डालना बहुत ही जरूरी है और क्षेत्र के सोसायटियों में खाद नहीं होने की वजह से किसान मजबूरी में दुगुने दामों में खाद खरीद रहे है। सोसायटियों में यूरिया की कीमत लगभग 266प्रति बोरी और डीएपी का 1350 रुपए निर्धारित है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की उर्वरक विक्रेता किसानों से यूरिया का 600 से 700 और डीएपी का 1600 से 1700 रुपए तक वसूल रहे हैं। यह स्थिति क्षेत्र के कृषकों को आर्थक रूप से तोड़ रही है और खेती की तैयारी पर प्रतिकूल असर डाल रही है।

### एक हजार रुपए में यूरिया खरीदने किसान मजबूर

**बहेराडीह।** किसान अपने खेती के लिए रासायनिक खाद यूरिया नहीं मिलने से बहुत परेशान हैं। सोसायटी में यूरिया नहीं है, लेकिन निजी दुकानों में यूरिया पर्याप्त मात्रा में हैं। जिसे किसान अपने खेती के लिये ढाई सौ रूपये में मिलने वाली यूरिया को एक हजार रूपये में खरीदने मजबूर है। ऐसे में इन दिनों किसानों की मज़बूरी का फायदा व्यापारी उठा रहें हैं। बहेराडीह के किसान मुरित राम यादव, शिवदयाल यादव ने बताया कि सोसायटी में किसानों को शासकीय दर पर यूरिया नहीं मिल रहीं है और ब्यापारियों के पास यूरिया पर्याप्त मात्रा में हैं, जबकि इस समय किसानों को उनके खेती में यूरिया की सख्त जरुरत है। ऐसे में किसान अपने खेती के लिए ढाई सौ रूपये में मिलने वाली यूरिया को एक हजार रूपये में खरीदना पड़ रहा है। किसान नेता चुड़ामणि राठौर का कहना है कि दो चार दिनों के भीतर ही सोसायटियों में यूरिया आने की सूचना मिली है। यदि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं आती है। तो हम सभी किसान अपनी समस्या को लेकर स्थानीय प्रशासन को बाकायदा लिखित में सूचना देकर सड़क पर उतरेंगे।

# प्रदूषित पेयजल एवं निकासी की समस्या को लेकर वार्डवासियों ने किया चक्काजाम

## एसडीएम के लिखित आश्वासन पर 3 घंटे बाद समाप्त हुआ आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के दो वार्डों में प्रदूषित पेयजल एवं जल निकासी की समस्या को लेकर पार्षद के नेतृत्व में वार्डवासियों ने चक्काज कर दिया। उनका आंदोलन करीब तीन घंटे तक चला। इस बीच अधिकारियों के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

नगर के वार्ड क्रमांक 3,4 गौशालापारा क्षेत्र में वार्डवासियों के घरों में प्रदूषित पेयजल आने एवं जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में वार्ड वासियों के द्वारा रविवार 24 अगस्त सुबह 9 बजे ओवर ब्रिज के नीचे बलौदा रोड में चक्का जाम कर दिया गया। चक्का जाम किए जाने से बलौदा रोड में वाहनों की लंबी क़तारें लग गईं एवं ओवर ब्रिज से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। ओवर ब्रिज के नीचे चक्का जाम की सूचना मिलने पर एसडीएम सुमित बघेल ,तहसीलदार शशि भूषण सोनी, नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी, थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह चक्का जाम स्थल पर पहुंचे एवं वार्ड वासियों को चक्कर जाम समाप्त करने की समझाइश दी गई लेकिन वार्ड वासी जब तक उनकी मांगों को पूरी करने का समय निर्धारित करते हुए लिखित में नहीं दिया जाएगा तब तक चक्का जाम को जारी रखने की बात कही गई। इस बीच ओवर ब्रिज के नीचे वार्ड वासियों के जल निकासी के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नाली निर्माण की मांग के समर्थन में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, पार्षद राजकुमार राठी, मुरलीधर मिश्रा, कमलेश्वर दास वैष्णव ,पुरुषोत्तम नामदेव एवं पिंटू बरेठ भी चक्का जाम स्थल पहुंचे एवं चक्कर जाम को अपना समर्थन दिया। 3 घंटे बाद 12 बजे बजे नगर पालिका परिषद एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद एसडीएम सुमित बघेल के द्वारा एक सप्ताह के अंदर वाल चेंबर का मरम्मत किए जाने,वार्ड में तत्काल प्रभाव से प्रतिदिन साफ-सफाई कराने, 15 दिवस के भीतर पाइपलाइन विस्तार का कार्य प्रारंभ करने एवं सभी के सहयोग से पीडब्ल्यूडी के द्वारा नाली निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का लिखित आश्वासन दिया गया तब जाकर वार्ड वासियों के द्वारा चक्का जाम समाप्त किया गया एवं लोगों ने राहत की सांस ली।



सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते नगरवासी।

# 28 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

कोटमीसोनार क्षेत्र में अवैध कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 28 लीटर शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी अकलतरा भास्कर शर्मा के नेतृत्व में कोटमीसोनार क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी की कार्रवाई की गई। रेड कार्यवाही में महिला आरोपी के कब्जे से कब्जे से 18 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 10 पाव देशी प्लेन शराब बरामद कर आरोपीया के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार महिला व जब्त शराब।

# दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भदरा की घटना

तेज रप्तार दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में 1 युवक की मौत हो गई। वहीं घटना में 3 लोग घायल हो गए। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भदरा की है।

पामगढ़ पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार शनिवार 23 अगस्त रात पामगढ थाना क्षेत्र के ग्राम कोसला निवासी किशोर अजित उम्र 25 वर्ष उमेन्द्र एवं शंकर को लेकर पामगढ़ गया हुआ था। इस बीच काम निपटाकर वापस कोसला लौट आ रहा था। तभी ग्राम भदरा के पास उनकी बाइक की स्कूटी से भिडंत हो गई। घटना में किशोर, उमेन्द्र एवं शंकर के साथ स्कूटी चालक 28 वर्षीय युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड इक्ट्ठा हो गई। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को मिली तो गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं किशोर की गंभीर स्थिती को देखते हुए बिलासपुर में भर्ती कराया गया, जहां परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों की टीम ने मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंप दिया गया। इधर घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इसके पूर्व गुरूवार 21 अगस्त की रात 10 बजे खडी ट्रक के पीछे तेज रफ्तार स्कूटी जा टकराई। घटना में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी।



घटना स्थल पर जुटी भीड़ एवं मृत युवक।

## 27 से गणेशोत्सव की रहेगी धूम, पहले से ही बड़ी प्रतिमाओं की हो चुकी है बुकिंग

# भगवान गणेश की प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण (शबरीधाम) में इस बार गणेशोत्सव की रौनक देखते ही बन रही है। नगर में जगह-जगह मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इस वर्ष विशेष आकर्षण बालस्वरूप गणपति हैं। यहां के प्रमुख कलाकार लखन कुंभकार, धनेश कुंभकार और बसंत कुंभकार है।

प्रतिमाओं की कल्पना को और जीवंत बनाने में कलाकारों ने एआई तकनीक से प्रेरणा ली है, जिसका असर प्रतिमाओं की भाव-भंगिमा, रंग संयोजन और मासूम चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा है। अब तक नगर में सभी 6 मूर्तिकारों की टीम ने छोटे बड़े प्रतिमा मिलाकर लगभग 5000 प्रतिमाएं तैयार की हैं। इनकी कीमतें 150 से लेकर 21 हजार तक है। विघ्नहर्ता गणेश प्रतिमाओं के साथ-साथ रिद्धि-सिद्धि और वाहन स्वरूप चूहा भी गढ़ा जा रहा है। आसपास के खरौद, राहौद, गिधौरी, टुंडरा ,रिंगनी, बेल्हा, सलखन, देवरी, खोरसी, लोहरसी, सहित 50 किमी दायरे की समितियां पहले से ही बड़ी प्रतिमाओं के ऑर्डर बुक कर चुकी हैं। वहीं घर में विराजमान करने के लिए लोग रोज़ाना यहां पहुंचकर अपनी पसंद की प्रतिमाएं चुन रहे हैं। नगर में 6 अलग-अलग स्थानों पर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा है। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बंगाल से आए डॉ. विश्वाश (बंगाली मूर्तिकार), पवन पाल, मनिमोहन पॉल सहित छत्तीसगढ़ के टुंडरा के दिलीप देवांगन एवं शिवकुमार देवांगन, व शिवरीनारायण के लखन कुंभकार परिवार सहित पूरी श्रद्धा और मेहनत से प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं।



प्रतिमा को अंतिम स्वरुप देते मूर्तिकार।

### भागीरथी कुम्हार मिट्टी की मूर्तियों से जगा रहे आस्था

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा में इन दिनों गणेश उत्सव की तैयारियां चरम पर हैं। हर गली और चौक-चौराहों पर बप्पा की आराधना की चर्चा है। इसी बीच गांव के एक ऐसे शिल्पकार की मेहनत और समर्पण लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जिनके हाथों की कला न केवल मिट्टी को जीवंत रूप देती है, बल्कि उनके पूरे परिवार की जीविका का आधार भी है। ये हैं तुस्मा के मूर्तिकार भागीरथी कुम्हार का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। लगभग पांच-छह वर्ष पूर्व उनके पिता मदन कुम्हार का आकस्मिक निधन हो गया। मदन कुम्हार गांव में गणेश प्रतिमाएं बनाने के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी बनायी प्रतिमाओं में भक्ति और सौंदर्य का ऐसा संगम होता था कि लोग दूर-दूर से आकर उन्हें खरीदते और घर-घर गणपति विराजमान होते। पिता के जाने के बाद घर की जिम्मेदारियां अचानक युवा भागीरथी के कंधों पर आ गईं। परिवार का पालन-पोषण करना, परंपरा को जीवित रखना और लोगों की आस्था को बनाए रखना – यह सब उनके लिए आसान नहीं था। लेकिन भागीरथी ने हिम्मत नहीं हारी। आज भागीरथी अपनी सादगी और लगन के लिए पूरे गांव में पहचाने जाते हैं। वे दिन-रात मेहनत करके मिट्टी की प्रतिमाओं को आकार देते हैं। इस वर्ष उन्होंने लगभग 30 से 40 प्रतिमाएं तैयार की हैं। इनमें छोटे-बड़े सभी आकारों की मूर्तियाँ शामिल हैं, जिन्हें लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। प्रतिमा बनाने की प्रक्रिया सिर्फ काम नहीं, बल्कि उनके लिए साधना है।





# हथियार लहराकर भय दिखाने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

सार्वजनिक स्थान पर तलवार और चाकू लहरा कर लोगों में भयभीत करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को 23 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिली कि सक्ती में तीन व्यक्ति अपने हाथ में लोहे के तलवार लेकर लहरा कर घुम रहे है और आने -जाने वालो को डर-धमका रहे है। सूचना पर पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची। बस स्टैण्ड सक्ती पर एक व्यक्ति अपने हाथ में लोहे का तलवार तथा दो व्यक्ति अपने अपने हाथों में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा। पुलिस ने नरेंद्र कुमार यादव उर्फ दाऊ पिता रामचंद्र यादव उम्र 22 वर्ष ग्राम नावापारा खुर्द, वाजिद खान उर्फ राजू पिता शरीफ खान उम्र 21 वर्ष ग्राम वार्ड नंबर 14 कंचनपुर एवं अनिल कुमार यादव उर्फ पिंटू पिता आत्माराम उम्र 25 वर्ष ग्राम नावापारा खुर्द को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से लोहे के तलवार एवं चाकू बरामद की गई है।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों का बोनस डकारने वाले अधिकारी व ठेकेदार पर हो कार्रवाई



**कोरबा।** लगातार सफाई कर्मचारी के केंद्रीय दर वेतन एवं बोनस की मांग की जा रही थी और अन्य संगठन सिस्टा ने भी यह मांग विभाग को आवेदन प्रस्तुत किया जिसे लेकर एसईसीएल के कार्मिक निर्देशक हेड क्वाटर बिलासपुर द्वारा 5 दिसंबर 2024 को पत्र जारी कर समस्त मुख्य महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि ठेका सफाई कर्मचारी को बोनस जल्द से जल्द दिया जाए लेकिन कोरबा क्षेत्र, दीपका, गेवरा, कुसमुंडा में आज तक सफाई कर्मचारीयो बोनस वितरण नहीं किया गया है और ठेकेदारों का बिल भुगतान अधिकारी अपने कमिशन के कारण कर रहे हैं अपने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करना भी उचित नहीं मान रहे हैं। जिसके कारण सफाई कर्मचारीयो में काफी आक्रोश है। हमारे द्वारा लगातार सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की जा रही है। एक माह के भीतर बोनस वितरण नहीं किया गया तो सीएमडी कार्यालय बिलासपुर हेड क्वाटर का घेराव की रणनीति बनाई जाएगी।

### बुलेट में सवार होकर 12 महिला राइडर्स ने लगाई आजादी की दौड़



**कोरबा।** एक बार फिर बुल्स ऑन व्हील्स की रोमांचक राइड के माध्यम से राइडर्स ग्रुप के 70 सदस्यों ने राष्ट्रीयता का संदेश दिया। खास बात यह रही कि इस टीम में पहली बार एक साथ 12 महिला राइडर्स ने बुलेट पर सवार होकर आजादी की दौड़ लगाई। राइडर्स ने शहर से रैनखोल तक 40 किलोमीटर की दूरी तय की और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति से लबरेज साहसिक यात्रा पूरी की। राइडर्स ग्रुप की राइड की कमान रॉयल एनफील्ड कैलाश ऑटो एजेंसी के डायरेक्टर आलोक दिवाटे ने संभाली। यह यात्रा 15 अगस्त को रॉयल एनफील्ड कैलाश ऑटो एजेंसी के राइडर कोरबा से रैनखोल व्यू पॉइंट तक की गई। राइड में 70 लोगों ने भाग लिया, जिसमे 12 फीमेल राइडर ने भी सहभागिता निभाई।

### बाबा गणिनाथ के बताए मार्ग पर चलना पुनीत कार्य : गोपाल



**कोरबा।** शाह समाज द्वारा आज बाबा गणिनाथ के 24वें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन ढेंगूरनाला के समीप बाबा गणिनाथ मंदिर प्रार्थना में किया गया। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी बतौर अतिथि उत्सव में शामिल हुए जहां शाह समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों द्वारा श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी ने बाबा गणिनाथ के मंदिर में दर्शन लाभ लेकर माथा टेका और जिले वासियों की प्रगति व उन्नति के लिए प्रार्थना किया। श्री मोदी ने शाह समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गणिनाथ के बताएं मार्ग पर चलना पुण्य का काम है और ऐसे कार्य सभी समाज के लोगों को करना चाहिए ताकि सभी समाज के लोग अपने महान समाजिक गुरुओं एवं इष्ट देवी देवताओं के बारे में अच्छी तरह से जाने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर समाज को एक नई दिशा प्रदान करें। इस अवसर पर उत्सव में नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत,पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद आलोक सिंह, पार्षद ममता यादव,दीपक यादव सहित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गण एवं शाह समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एससीईआरटी के माध्यम से एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसार अनुकूलित करके प्रयोग के तौर पर कक्षा छठवीं हेतु शैक्षणिक सत्र से लागू किया गया है, जिसके तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में विषय अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 अगस्त को विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा के आर दयाल ने 18 से 23 अगस्त तक चले पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया। हिन्दी विषय के मास्टर ट्रेनर बीआरजी श्रीमती विन्ध्येश्वरी खुंटे, भोलाराम साहू एवं मनोज कुमार पांडे ने तथा गणित विषय के मास्टर ट्रेनर बीआरजी मन्नु कुमार कर्ष, राहुल मिश्रा एवं देवव्रत कुर्रे ने विषय मॉड्यूल आधारित प्रशिक्षण दिया। हिन्दी के 63 एवं गणित के 58 मिलाकर विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के 121 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर दयाल ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया। फीडबैक में मास्टर ट्रेनर श्रीमती विन्ध्येश्वरी खुंटे ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की।

## जिले में 7 हजार राशनकार्ड किए जाएंगे निरस्त

# खाद्यान्न नहीं उठाने वाले और मृत हितग्राहियों के राशनकार्ड को निरस्त करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अब ऐसे हितग्राहियों के राशनकार्ड निरस्त किए जाएंगे जो महीनों से खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे हैं या फिर मृत हो चुके हैं ऐसे हितग्राहियों की खाद्य विभाग ने राशनकार्ड के भौतिक सत्यापन के जांच के बाद जो सूची तैयार की है उसमें ऐसे हितग्राहियों की संख्या लगभग 7 हजार सामने आयी है।

**खास बात**

- खाद्य विभाग ने भौतिक सत्यापन के बाद तैयार की सूची



खाद्यान्न लेने कतार में खड़े हितग्राही।

खाद्य विभाग की पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न उठाव के मामले को लेकर बोगस राशनकार्ड सहित कई ऐसी शिकायतें आ रही थी जिसमें महीनों से लोग राशनकार्ड से खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे थे और ऐसे भी हितग्राही थे जो राशनकार्ड बनाने के बाद क्षेत्र को छोड़कर कहीं और चले गए हैं।इसके साथ ही कई हितग्राही मृत हो चुके हैं उसके बावजूद उनके राशनकार्ड पीडीएस दुकान के रिकार्ड में जीवित बताए जा रहे थे। ऐसी तमाम विसंगतियों को देखते हुए राज्य शासन की ओर से मिले निर्देश के तहत विभाग ने पीडीएस दुकानों के माध्यम से जब ऐसे राशनकार्ड का भौतिक सत्यापन कराना शुरु किया तो चौकाने वाले मामले सामने आये। जिसके आधार पर अब इन राशनकार्डों को निरस्त करने की कार्यवाही चल रही है और सूची भी तैयार कर ली गई है। ऑनलाइन रिकार्ड से ऐसे राशनकार्ड डिलिट कर दिए जाएंगे जिसके बाद इनके नाम से खाद्यान्न का आबंटन पीडीएस दुकानों में नहीं होगा। निरस्त होने वाले राशनकार्ड की संख्या शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में ज्यादा हैं।

### इन नियमों के तहत होंगे निरस्त

खाद्य विभाग के द्वारा राज्य शासन से मिले निर्देश के तहत जिन नियमों के आधार पर राशनकार्ड को निरस्त करने की कार्यवाही शुरु की है उन नियमों के तहत जो हितग्राही 6 माह से अपने राशनकार्ड में खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है उन राशनकार्डों को निरस्त किया जाएगा। इसी तरह जो हितग्राही राशनकार्ड बनवाने के बाद उसमें दिए गए पते पर निवास नहीं कर रहे हैं और उनके द्वारा भी शहर के किसी पीडीएस दुकान से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया गया है वे कार्ड भी निरस्त होंगे। इसके अलावा कुछ हितग्राही मृत हो चुके हैं उनके परिजनों के द्वारा अपने नाम से राशनकार्ड बनाये हैं लेकिन मृत व्यक्ति के नाम से बने राशनकार्ड को निरस्त नहीं कराया है ऐसे कार्ड भी निरस्त होंगे।

### मेरी मर्जी योजना का भी नहीं ले रहे लाभ

राशनकार्ड हितग्राहियों के लिए शासन के द्वारा मेरी मर्जी योजना लागू की गई है। इस योजना अंतर्गत हितग्राही अपने राशनकार्ड से शहर के किसी भी दुकान से खाद्यान्न का उठाव कर सकते हैं। देखने में यह आया है कि सैंकड़ों हितग्राही ऐसे है जिन्होंने मेरी मर्जी योजना का लाभ ही नहीं लिया। साथ ही अपनी दुकानों से खाद्यान्न का उठाव भी नहीं किया है ऐसे राशनकार्ड भी निरस्त होगी।

### जांच के दौरान दो स्थानों में बने राशनकार्ड आये सामने

खाद्य विभाग ने जब राशनकार्ड की भौतिक सत्यापन की कार्यवाही शुरु तो ऐसे हितग्राही भी सामने आये जिन्होंने जिले में राशनकार्ड बनाने के साथ प्रदेश के अन्य जिलों में राशनकार्ड बनाए हैं इसके अलावा कुछ हितग्राहियों ने छग प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में भी राशनकार्ड बनाए हैं। आधार लिंक से ऐसे राशनकार्डों की जांच पड़ताल की गई और भौतिक सत्यापन के दौरान ऐसे राशनकार्डों को निरस्तीकरण की सूची में शामिल किया गया है।

### निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरु की गई

राशनकार्ड के निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरु की गई है। ऐसे हितग्राहियों के राशनकार्ड निरस्त किए जा रहे हैं जिन्होंने कभी भी खाद्यान्न का उठाव नहीं किया गया या फिर कहीं और चले गए हैं तथा दो स्थानों में राशनकार्ड बनाए हैं। अभी तक 7 हजार राशनकार्ड ऐसे मिले हैं जिनको निरस्त किया जाएगा। यह संख्या आगे बढ़ भी सकती है। **-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपी भेजे गए सलाखों के पीछे



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारपीट कर हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत राजेन्द्र कुमार प्रजापति के भाई रोशन प्रजापति पर उनके घर के पास ही आरोपियों के एक समूह ने नशे की हालत में धावा बोल दिया। घटना का कारण आरोपी सोमवार सिंह देव द्वारा गली में गाली-गलौज करने पर रोशन द्वारा उसे टोकना बताया जा रहा है। इसके बाद सोमवार सिंह देव ने अपने बेटे पृथ्वी, भतीजे शुभम गांगुली और अन्य साथियों के साथ लोहे का रॉड, लोहे का पंच और लकड़ी के डंडे से रोशन प्रजापति पर जानलेवा हमला किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले में फरार चल रहे भिलाईबाजार निवासी सोमवार सिंह देव 56 वर्ष पिता स्व.कन्हैया लाल, पृथ्वी सिंह देव 19 वर्ष पिता सोमवार सिंह देव, शुभम गांगुली उर्फ गोलू 25 वर्ष पिता विमल कुमार गांगुली गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## तालाब में अधेड़ की तैरती मिली लाश

**कोरबा।** दीपका थानांतर्गत ग्राम पंचायत ढुरैना के आश्रित ग्राम चाकाधमना के तालाब में शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। इसकी सूचना दीपका पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही में जुट गई है तथा मामले की जांच भी शुरू कर दी है। राहगीरों ने शनिवार की सुबह ग्राम चाकाधमना के तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति के शव को पानी में तैरते हुए देखा और इसकी जानकारी ग्रामवासियों को दी, जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वस्तुस्थिति जानने के साथ दीपका थाना को सूचित किया। ग्रामीणों की सूचना पर दीपका पुलिस मौके पर पहुंचकर शव के पंचनामे की कार्यवाही की। मृतक का उम्र लगभग 50 वर्ष बताया जा रहा है। हालांकि उसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है। पास में एक मोटर साइकिल भी मिला है जिसके आधार पर पुलिस मृतक के पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# संभागीय खेल में जिले के खिलाड़ी दिखा रहे जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शालेय खेलकूद कैलेंडर के तहत जिले में इस समय विभिन्न स्थानों में क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। जिला स्तर की प्रतियोगिताएं विद्युत गृह स्कूल में संपन्न कराई गई। जिनमें चयनित खिलाड़ियों ने संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में कराते, ताईक्वांइडो और खो-खो में प्रदर्शन कर पुरुस्कार जीते और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना स्थान बनाया।

**खास बातें**

- पेंड्रा के बाद रायगढ़ व सक्ती में भी कराते, ताइक्वांडो और खो खो में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
- जिला स्तर में आयोजित प्रतियोगिता में हुआ था चयन



खिलाडियों के साथ टीम कोच व मैनेजर।

शालेय खेलकूद कैलेंडर के अनुसार जिले में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए समय सारणी जारी की गई है। पूर्व की तरह इस वर्ष ग्रामीण अंचलों में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है जो कभी ब्लॉक मुख्यालय में हुआ करते थे। उनकी जगह अब दूरस्थ ग्रामीण अंचल में ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। कोरबा ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता ग्राम गोढ़ी में आयोजित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए निर्देशित किया है ताकि ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों को ब्लॉक मुख्यालय तक न आना पड़े। शनिवार को रायगढ़ जिले के लिए जिले की टीम को साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल से जिला खेल अधिकारी के द्वारा रवाना किया गया। जिनमें मुख्य प्रबंधक पवन कंवर एवं सह प्रबंधक धर्मेंद्र चौहान शामिल हैं। बालक बालिका वर्ग की टीम 14, 17 एवं 19 वर्षीय वर्ग में भाग लेंगे। खो खो बालक के कोच पियूष पांडेय, मैनेजर कु असलेखा, खो खो बालिका में विवेकानंद गोपाल, वालीवॉल में निर्मल लकड़ा, वालीवॉल बालिका 19 वर्ष में कोच देवेंद्र सिंह राजपूत, मैनेजर कु चंचल पांडेय कस्तुरबा गांधी अतिथि शिक्षक इसके अलावा कुमारी नेहा जायसवाल कस्तुरबा कटघोरा, सुधीर राजपूत एवं साकेत शर्मा कोच बनाए गए हैं।

## छात्रों से अवैध शुल्क वसूली की शिकायत पर एबीवीपी ने प्राचार्य से की चर्चा

**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई को यह सूचना मिली कि एमसीएमआईटी कॉलेज में छात्रों से टीसी एवं सीसी प्रमाण पत्र के नाम पर मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है। यह सूचना मिलते ही विद्यार्थी परिषद ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत कॉलेज प्रशासन से संपर्क साधा। एबीवीपी के जिला संयोजक निहाल सोनी, नगर मंत्री प्रवीण साहू एवं नगर सह मंत्री राहुल महंत कॉलेज पहुँचे और छात्रों की समस्याओं को विस्तार से सुना। प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि इस प्रकार की मनमानी शुल्क वसूली छात्रहित के विरुद्ध है और इसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, तो परिषद इससे भी कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होगी। साथ ही कॉलेज प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि वे छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान करते समय किसी भी प्रकार की अनावश्यक फीस न लें।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने पीपीई किट पहनकर सड़क की सफाई कर मांगी भीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल कोरबा जिले में पांचवें दिन भी जारी रही। अपनी मांगों के समर्थन में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए अनोखा प्रदर्शन किया।



सड़कों की सफाई करते स्वास्थ्य कार्यकर्ता।

इस दौरान उन्होंने पीपीई किट पहनकर, हाथों में झाड़ लेकर सड़कों की सफाई की और धरना स्थल के आसपास दुकानों व राहगीरों से भीख मांगकर अपनी मांगों को रेखांकित किया। एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों का समाधान, और स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं प्रदान करना शामिल है। कर्मचारियों का आरोप लगाते हुए कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, विशेषकर कोविड-19 महामारी के दौरान, लेकिन उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार से उनकी मांगों पर तत्काल कार्यवाही करने मांग की।

### शतरंज चैंपियनशिप में प्रभमन व तनिषा बने विजेता

**कोरबा।** यह खेल मस्तिष्क की गहराई से जुड़ा हुआ है और इसमें धैर्य, एकाग्रता एवं रणनीति का विशेष महत्व है। जीत-हार खेल का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो हार से निराश न होकर उससे सीख लेकर और आगे बढ़ता है। प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप के समापन अवसर पर कही। टूर्नामेंट के डायरेक्टर विनोद राठी रहे। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# एसईसीएल विस्तार परियोजनाओं से प्रभावितों के लिए जयसिंह ने सीएमडी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जिले में संचालित कोरबा, कुसमुण्डा, गेवरा, दीपका सहित अन्य कोयला खदानों की विस्तार परियोजनाओं से प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास को लेकर पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने इस संबंध में एसईसीएल सीएमडी को पत्र लिखकर प्रभावितों को रोजगार देने के साथ मुआवजा व बसाहट क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का उल्लेख किया है।



एसईसीएल सीएमडी को लिखे पत्र में श्री अग्रवाल ने कहा है कि प्रभावितों को रोजगार, मुआवजा और बसाहट क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना मूल स्थान से विस्थापित करना नियमों के खिलाफ है। श्री अग्रवाल ने 30 मई को इस विषय पर पहला पत्र भेजा था, जिसके जवाब में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 2 अगस्त को पत्र जारी कर प्रबंधन ने दावा किया था कि कुसमुण्डा परियोजना विस्तार के तहत ग्राम जटराज (चंद्रनगर) का अधिग्रहण हो चुका है और सभी प्रभावित परिवारों को मुआवजा तथा पात्रता अनुसार रोजगार दिया गया है। साथ ही वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था भी एसडीएम कटघोरा की देखरेख में की जा रही है जो भ्रामक है। श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि जिन 54 परिवारों को डेढ़ साल पहले सर्वमंगला नगर और दुरपा में बसाया गया था, उन्हें आज तक रोजगार और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं। बसाहट क्षेत्र में केवल आधी-अधूरी नाली का निर्माण हुआ है, जबकि सामुदायिक भवन, सड़क, आंगनबाड़ी, मंदिर, स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि कुसमुण्डा परियोजना विस्तार का अधिग्रहण चार चरणों में किया गया है, लेकिन बड़ी संख्या में प्रभावित खातेदार आज भी रोजगार से वंचित हैं। न तो कुसमुण्डा प्रबंधन और न ही प्रशासन ने उन्हें वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया है।


TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट स्तन, कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661




## 'एक दीवाने की दीवानीयत' का पहला लुक हुआ जारी

**मुंबई।** हर कोई जिस पोस्टर का इंतजार कर रहा था, वह आखिरकार रिलीज हो गया। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानीयत' का पहला पोस्टर लॉन्च हो चुका है और फिल्म इस दिवाली, 21 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। हर्षवर्धन राणे का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। इस साल की शुरुआत में सनम तेरी कसम की शानदार सफलता के बाद अब फैंस उनकी अगली बड़ी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दिवाली जैसी बड़ी रिलीज डेट मिलना दर्शाता है कि इस म्यूजिकल ड्रामा को लेकर उत्सुकता कितनी ज्यादा है।

लाइफ Style

# वाणी

## अपने दम पर बनाई पहचान

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर का शनिवार को 37वां जन्मदिन मनाया। महज आठ फिल्मों के सफर में उन्होंने कभी ग्लैमरस अंदाज से, तो कभी संजीदा किरदारों से दर्शकों का दिल जीता। 'शुद्ध देसी रोमांस' से शुरू हुआ उनका फिल्मी सफर 'वॉर' और 'चंडीगढ़ करे आशिकी' जैसी फिल्मों तक पहुंचा।

खास बात यह है कि इंडस्ट्री से कोई बैकग्राउंड न होने के बावजूद वाणी ने अपने दम पर पहचान बनाई और आज करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं। वाणी का जन्म दिल्ली में एक बिजनेस परिवार में हुआ। वाणी ने अपनी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली के माता जयकौर पब्लिक स्कूल से की। इसके बाद उन्होंने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से पर्यटन में ग्रेजुएशन किया। पढ़ाई के दौरान ही वाणी ने होटल मैनेजमेंट की तरफ रुख किया और जयपुर के ओबेरॉय होटल में इंटर्नशिप की। इसके अलावा उन्होंने कुछ समय तक आईटीसी होटल में भी काम किया। होटल इंडस्ट्री में काम करते हुए उनकी मुलाकात एलिट मॉडल मैनेजमेंट एजेंसी से हुई। उनकी लंबी हाइट और आकर्षक पर्सनालिटी को देखकर एजेंसी ने उन्हें मॉडलिंग के लिए साइन कर लिया। यही वह मोड़ था जहां से वाणी की जिंदगी फिल्मों की तरफ मुड़ी।

मॉडलिंग के दौरान वाणी ने कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के लिए रैंप वॉक किया और विज्ञापनों में भी काम किया। धीरे-धीरे उनका चेहरा पहचाना जाने लगा और यहीं से उन्हें यशराज फिल्म्स की कास्टिंग टीम की नजर में आने का मौका मिला।



हॉलीवुड मसाला




## ब्रेकअप के बीच साथ दिखे काइली-टिमोथी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी-मानी स्टार काइली जेनर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। काइली जेनर की नई तस्वीरें और वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। तस्वीरों और वीडियो के अलावा काइली जेनर अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट देती रहती हैं। इन सब के बीच अभी हाल ही में खबर सामने आई थी कि काइली जेनर और उनके बॉयफ्रेंड टिमोथी चालमेट के बीच सब ठीक नहीं चल रहा है। इन दोनों के ब्रेकअप की अफवाह ने फैंस को हैरान कर दिया था। लेकिन काइली जेनर और टिमोथी चालमेट की नई पोस्ट ने इस अफवाह को हवा में उड़ा दिया है।



## टूटे दिल को संभालने में लगी जेसिका...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस जेसिका अल्बा ने इस जनवरी में कैश वॉरेन से अपने 16 साल पुराने रिश्ते को विराम दिया था। दोनों ने तलाक ले लिया था। ऐसे में तलाक के बाद कैश से अलग रह रही जेसिका का कहना है कि वे अपने टूटे हुए दिल का ख्याल रख रही हैं और वो ब्रेकअप के बाद के हालात से अच्छे से उबर रही हैं। अल्बा ने कहा, कैश से अलग होने के बाद उन्होंने सीखा कि जिंदगी को चलने दो जैसा वह चल रही है। अलग होने के बाद की जिंदगी के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई इस बात से सहमत होगा कि आप बहुत सारी योजनाएं बनाने की कोशिश करते हैं, खासकर एक मां के रूप में, आप हमेशा योजना बनाने और चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करते रहते हैं।



## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

**मुंबई।** कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। बातचीत में कृतिका ने अपने नए शो, एक्टिंग सफर और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे अच्छा यह लगा कि ऑडियंस ने शो की सोच और इरादे को समझा। यह कोई स्टीरियोटाइप या बनावटी कहानी नहीं थी, बल्कि भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को ईमानदारी और बैलेंस के साथ दिखाने की कोशिश थी। यह देखकर सुकून मिला कि लोग इस नजरिए को पहचान भी रहे हैं और सराह भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैयारा ने रोमांटिक फिल्मों की ताकत दिखा



## 30 को होगा बागी-4 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग मूवी बागी 4 फैंस के बीच चर्चा में बनी हुई है। इस मूवी के फर्स्ट लुक ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म का सॉन्ग भी रिलीज हुआ है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर अपडेट हाथ लगी है। बागी 4 का ट्रेलर किस दिन रिलीज किया जाएगा इसका पता चल गया है। साथ ही मेकर्स का क्या प्लान है उसकी जानकारी भी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार बागी 4 का ट्रेलर 30 अगस्त को एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया जाएगा, यानी फिल्म के बड़े पर्दे पर आने से ठीक एक हफ्ते पहले। इससे जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बागी 4 का ट्रेलर कट तैयार है और टीम इसे 30 अगस्त, को भव्य तरीके से लॉन्च करने की सोच रही है। यह ट्रेलर आधिकारिक तौर पर 5 सितंबर को फिल्म की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू कर देगा।

टीवी मसाला

## रूपाली ने माना सर्वोच्च न्यायालय के आदेश आभार

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने 11 अगस्त को सुनाए फैसले का संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के सभी कुत्तों को शेल्टर होम का आदेश दिया गया था। लेकिन अब कोर्ट ने इस फैसले में बदलाव करते हुए डॉग लवर्स को खुश कर दिया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सिर्फ रेबीज और आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम में रखा जाएगा। इसी के साथ आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण होगा इसके बाद ही उन्हे वापिस उसी जगह पर छोड़ दिया जाए। ऐसे में टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने इस फैसले की तारीफ की है। रूपाली गांगुली लिखती हैं 'करुणा की बड़ी जीत! सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में संशोधन करने और दिल्ली में आवारा कुत्तों की नसबंदी और उन्हें छोड़ने की अनुमति देने के लिए आभारी हूं। यह कदम न केवल लोगों को रेबीज और अधिक जनसंख्या के खतरों से बचाता है, बल्कि हमारे मूक साथियों को सम्मान के साथ जीने का अवसर भी देता है।' रूपाली समेत बॉलीवुड और टीवी के कई स्टार्स ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की वाहवाही की। एक्ट्रेस रूपाली गांगुली एक डॉग लवर है उन्होंने सीरियल 'अनुपमा' के सेट पर कई आवारा कुत्तों को जगह भी दी और उनका पालन पोषण कर रही हैं।



## 18 साल बाद साथ आएंगे नजर अक्षय-सैफ

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इस बीच अब अक्षय ने अपनी नई फिल्म 'हैवान 'की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में अक्षय अभिनेता सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। अब अक्षय ने शूटिंग के पहले दिन का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम पर 'हैवान' की शूटिंग के पहले दिन का वीडियो शेयर करते हुए ये जानकारी दी है कि उन्होंने प्रियदर्शन की इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वीडियो में अक्षय के साथ निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता सैफ अली खान भी नजर आ रहे हैं। तीनों किसी बात पर चर्चा करते और हंसी मजाक करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा है, 'हम सब ही हैं थोड़े से शैतान। कोई ऊपर से संत, कोई अंदर से हैवान। अपने सबसे पसंदीदा निर्देशक प्रियदर्शन के 'हैवान' की शूटिंग आज से शुरू की। लगभग 18 साल बाद सैफ के साथ काम करने पर काफी उत्साहित और खुश हूं। चलो हैवानियत को शुरू करते हैं।' अक्षय का ये वीडियो सामने आते ही अब चर्चा का विषय बना हुआ है। घोषणा के बाद से ही 'हैवान' चर्चा में बनी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण है अक्षय और सैफ अली खान का इतने लंबे वक्त के बाद एकसाथ आना। अक्षय और सैफ ने साथ में कई फिल्में की हैं। इनमें 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'ये दिल्लगी', 'तू चोर मैं सिपाही', 'कीमत' और 'टशन' जैसी फिल्में शामिल हैं। दोनों आखिरी बार साल 2008 में आई फिल्म 'टशन' में नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आएंगे।



## हरनाज ने किया वेट लूज ट्रांसफॉर्मेशन ने हर किसी को चौंकाया

**मुंबई।** बागी 4 का गाना बहली सोहनी रिलीज हो चुका है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ और हरनाज संधू की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। वहीं गाने में हरनाज संधू का लुक आपको हैरान कर देगा क्योंकि एक्ट्रेस ने बहुत ही ज्यादा वेट लूज किया है। हरनाज को काफी समय से अपने वजन के लिए बढ़ने के लिए ट्रोल किया गया था। उस समय तो बॉडी शेमिंग पर हरनाज ने कुछ नहीं कहा लेकिन अब अपने ट्रांसफॉर्मेशन से एक्ट्रेस ने हर किसी को चौंका दिया। बागी 4 के निर्माताओं ने हरनाज संधू और टाइगर श्रॉफ पर फिल्माया गया गाना 'बहली सोहनी' रिलीज किया। गाने में हरनाज के ग्लैमरस नए अवतार ने सबका ध्यान खींचा। प्रशंसकों ने उन्हें नए जमाने की 'देसी गर्ल'कहना शुरू कर दिया। गाने में हरनाज संधू कई स्टाइलिश साड़ी लुक्स में अपनी टोन्ड बॉडी दिखाती नजर आ रही हैं। उनके खूबसूरत मूव्स और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने वाकई फैंस को हैरान कर दिया है। लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने गाने से उनके लुक का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, देसी गर्ल FR! मिस यूनिवर्स 2021, हरनाज, क्वीन ने सभी को हैरान कर दिया। मुझे उनका ये अवतार देखकर प्रियंका और दीपिका की बहुत याद आई! उनके ट्रांसफ़ॉर्मेशन की तारीफ़ करते हुए एक फैन ने पूछा, वाह, ये कब हुआ? एक और ने लिखा,उनकी बॉडी इस लुक में बहुत जम रही है। एक अन्य ने कमेंट किया, "उनमें प्रियंका चोपड़ा की झलक दिख रही है।




### 1960 के दशक किया कॅरियर शुरू, बॉलीवुड में खास बनाई जगह

## इश्क ऐसा कि कायनात भी झुक गई, सायरा-दिलीप की मोहब्बत की दास्तां

*मुंबई। फिल्म 'पड़ोसन (1968)' के गीत 'मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद का टुकड़ा रहता है', को दर्शक आज भी सुनते हैं तो सायरा बानो की खूबसूरती, अभिनय के कायल हो जाते हैं। 60 के दशक में करियर शुरू करने वाली सायरा ने कुछ ही समय में बॉलीवुड में अलग और खास जगह अपने लिए बना ली थी। वह दर्शकों की चहेती स्टार बन गईं। दिलीप कुमार से सायरा बानो की बेपनाह मोहब्बत की कहानी भी सिने प्रेमियों की यादों में बसी है। सायरा बानो अपना जन्मदिन 23 अगस्त को मना रही हैं। इस मौके पर दिलीप कुमार और उनकी प्रेमी कहानी पर एक नजर।*

### वो जन्मदिन जब इश्क की कहानी शुरू हुई

सायरा बानो ने अपने एक इंटरव्यू में ही बताया था कि कैसे दिलीप साहब को उनसे प्यार हुआ? वह बताती हैं, '23 अगस्त 1966 को मेरा जन्मदिन था। घर पर मां ने पार्टी रखी। इंडस्ट्री के कई लोग आए। अचानक दिलीप साहब आए। मां ने उन्हें इंवाइट किया था। वह मेरी जिंदगी का सबसे बेहतरीन तोहफा था। मैंने बाल बनाए हुए थे, साड़ी पहनी थी। दिलीप साबह ने मुझे देखा और हाथ मिलाया और बोले कि तुम एक लवली वुमन बन चुकी हो। उस रात पहली बार उन्होंने मुझे नोटिस किया। दूसरे दिन उनका फोन आया, डिनर की तारीफ की। इसके बाद ही हमारे मिलने का सिलसिला शुरू हुआ।' इस तरह दिलीप कुमार और सायरा को एक-दूसरे से मोहब्बत हुई, आगे चलकर इनका निकाह हुआ। दिलीप कुमार को प्यार से सायरा बानो साहब कहकर बुलाती थीं। दिलीप कुमार का निधन साल 2021 में हुआ, उस समय सायरा बानो काफी टूट गईं।



### कम उम्र में बॉलीवुड में रखा कदम

मसूरी में जन्मी सायरा बानो एक फिल्मी परिवार से आती हैं, उनकी मां नसीम बानो अपने समय की मशहूर अदाकारा थीं। जब सायरा 16 साल की हुईं तो फिल्मी दुनिया के लिए तैयार होने लगीं। कथक, भारतनाट्यम क्लासिकल डांस सीखा। फिर साल 1961 में फिल्म 'जंगली' से अपना करियर शुरू किया, फिल्म में सायरा बानो के हीरो शम्मी कपूर थे, यह फिल्म सुपरहिट रही। सायरा रातों-रात स्टार बन गईं। सायरा ने कई नामी अभिनेताओं संग अभिनय किया। अपने शौहर दिलीप कुमार के साथ भी सायरा बानो ने 'गोपी', 'सगीना' और 'बेरंग' जैसी फिल्मों में काम किया था।

### 12 साल की उम्र में कहा- दिलीप कुमार से करेंगी निकाह

*जब सायरा बानो 22 साल की थीं तो उन्होंने दिलीप कुमार से निकाह कर लिया, उस समय दिलीप साहब की उम्र 44 साल थी। 11 अक्टूबर 1966 को दिलीप कुमार और सायरा बानो का निकाह हुआ। दिलीप कुमार से निकाह करने वाली बात सायरा ने अपनी मां को 12 साल की उम्र में भी कही थीं। सायरा बानो इस किस्से को कई इंटरव्यू में बता चुकी हैं। जब सायरा बानो 12 साल की थीं तो एक दिन घर में बैठकर दिलीप साहब की फिल्म देख रही थीं। सायरा ने फिल्म देखकर अपनी मां से कहा कि वह दिलीप कुमार से निकाह करेगी, यह बात सुनकर मां खूब हंसी। मगर आगे चलकर यही बात सच साबित हुई।*

खबर संक्षेप

## बजरंग दल के सदस्यों ने बिर्रा थाना प्रभारी से की मुलाकात



**बिर्रा।** क्षेत्र बजरंग दल के सदस्य बिर्रा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से औपचारिक भेंट की और क्षेत्र की सुरक्षा एवं सांप्रदायिक सौहार्द से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर चर्चा की। बजरंग दल के सदस्य ने बताया कि क्षेत्र में हाल के दिनों में कुछ गौ सुरक्षा ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जो समाज में असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न कर रही हैं। विशेष रूप से धार्मिक प्रतीकों का अपमान, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासनहीनता जैसी गतिविधियों को लेकर स्थानीय लोग चिंतित हैं। इन परिस्थितियों में पुलिस प्रशासन से त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की मांग की गई। सदस्य ने थाना प्रभारी को अवगत कराया कि आगामी धार्मिक आयोजनों और त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए ताकि शांति व्यवस्था भंग न हो। उन्होंने सुझाव दिया कि पुलिस गश्त को नियमित किया जाए और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाए। थाना प्रभारी जय साहू ने आश्वासन दिया कि बजरंग दल द्वारा उठाए गए मुद्दे महत्वपूर्ण हैं और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु हर संभव कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर बजरंग दल के प्रतीक प्रताप सिंह, रिंकू साहू , हिन्दू शेर, जिला गौ रक्षा गोपाल कश्यप, प्रखंड संयोजक राजेश कश्यप, सह संयोजक, अरुण जलतारे विश्वनाथ पटेल, मोनू कश्यप, जय किशन कश्यप एवं बजरंग दल के सदस्य उपस्थित थे।

## आईआईएम की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर हासिल किया दूसरा रनर-अप स्थान



**चांपा।** एनजे ग्रुप द्वारा आयोजित एनजे फैक्टर इन्वेस्टिंग ओलंपियाड के फाइनल में आईआईएम रायपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देश के सभी भारतीय प्रबंधन संस्थान और बिज़नेस स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया था । इस प्रतियोगिता के फाइनल में देश के शीर्ष बी-स्कूल्स की कुल 8 टीमें शामिल हुई थीं। प्रतियोगिता का फाइनल 23 अगस्त को सूरत गुजरात मे हुआ । इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (मोहाली) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (हैदराबाद) दूसरे स्थान पर रही। दूसरा रनर-अप स्थान आईआईएम रायपुर और आईआईएम अहमदाबाद की टीम रही। पुरस्कार में दो लाख पचास हजार रुपये की राशि, ट्रॉफी तथा प्रमाणपत्र प्राप्त हुए। आईआईएम रायपुर की टीम में हर्ष वर्धन तिवारी, अमन कुमार, धर्मेंद्र यादव, आस्था बंसल और श्रेया रघुवंशी शामिल थे, जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट रणनीति और प्रस्तुति से इस उपलब्धि को हासिल किया। हर्ष वर्धन तिवारी ब्राम्हण पारा निवासी संजय तिवारी और श्रीमती इन्दु तिवारी के सुपुत्र तथा नगर पालिका चाम्पा के नेता प्रतिपक्ष हरीश पाण्डेय के भांजे है। हर्ष वर्धन की टीम की उपलब्धि पर परिजनों ने बधाई दी है तथा उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ



**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी में कर्ष निवास में 24 अगस्त से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा और वेदी पूजन से हुई। कथा वाचिका पूज्य किशोरी छाया दुबे और पंडित नीलमणि दुबे पिसौद ( चांपा ) वाले द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से देर शाम तक किया जा रहा है। 25 अगस्त को अवतार वर्णन परीक्षित श्राप और ध्रुव चरित्र प्रसंग सुनाएंगे । आगामी दिनों में 26 अगस्त को जड़ भारत चरित्र, अजामिल प्रसंग, और प्रहलाद कथा, 27 अगस्त को वामन अवतार और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 28 अगस्त को नंदोत्सव उत्सव, बाल लीलाएं और गोवर्धन पूजा, महारास, 29 अगस्त को गोपी उद्धव चरित्र और रुक्मणि श्रीकृष्ण विवाह उत्सव, 30 अगस्त को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और भागवत धर्म उपदेश, 31 अगस्त को तुलसी वर्षा, गीता ज्ञान, हवन, सहस्त्रधारा और वार्षिक श्राद्ध, शांति भोज के साथ कथा का समापन होगा। इस संगीतमय आयोजन में श्रद्धालु भक्तों को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का आनंद लेने की अपील की गई है।

### पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

# तीज पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, जमकर हो रही खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरितालिका तीज को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गई है। व्रत को लेकर सुहागिन महिलाएं नए वस्त्र, आभूषण, पूजा सामग्री आदि की खरीदारी कर रही हैं। इस बार यह त्योहार मंगलवार 26 अगस्त को मनाया जाएगा। तीज त्योहार पर खरीदी को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

हरतालिका तीज भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। साथ ही ये व्रत निराहार और निर्जला किया जाता है। इस बार हरतालिका तीज 26 अगस्त को मनाई जाएगी। हरितालिका तीज पर्व पर सुहागिन महिलाएं विधि विधान पूर्वक भगवान शिव व पार्वती की आराधना के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। व्रत धारण करने वाली महिलाएं पूजन करके पति के दीर्घायु की कामना महिलाएं करेंगी। पंचाग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल



खरीददारी करती महिलाएं।

पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 25 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट पर हो रही है, जिसका समापन 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर होगा। उदिया तिथि के अनुसार, हरतालिका तीज का व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा। इस पर्व को लेकर दुकानों में रौनक बढ़ गई है। त्योहार को लेकर नगर की साड़ी, फैंसी और ज्वेलरी दुकानें पुरी तरह सजकर तैयार है। तीज को लेकर महिलाएं जहां अपने मायके पहुंच रही है वहीं त्योहार को लेकर दुकानों में महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। त्योहार के चलते महिलाएं नए-नए आभूषण व चूड़ी, साड़ियों की खरीदारी कर रही है। दुकानों में नई-नई वैरायटियों के सामान भी देखने को मिल रहे हैं। खासकर बाजार में कपड़े और श्रृंगार की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही। बड़ी संख्या में महिलाएं तीज पर्व को लेकर रंग बिरंगी साड़ियां एवं श्रृंगार के सामानों की खरीदारी कर रही है। महिलाएं नेट और शिफॉन की साड़ियों के अलावा अन्य आधुनिक डिजाइन की साड़ियां खरीदी कर रही है। दुकानदार भी तीज को लेकर कई तरह की डिजाइनर साड़ियां का स्टॉक कर रखा है। दुकानों के सामने मनभावन रंगों में प्रदर्शन के लिए लटकाई गई साड़ियां ग्राहकों को दुकान के भीतर तक खींचती ही नहीं बल्कि खरीदने के लिए बाध्य कर रही है। विभिन्न रंगों से सजी चूड़ियों की दुकान में महिलाएं आकर्षित हो रही है। बाजार में इन दिनों कांच की चूड़ियां, पंजाबी चूड़ा, घुंघरु, कंगन, प्लास्टिक लाख, मेटल की चूड़ियों की ज्यादा बिक्री हो रही है। इन चूड़ियों के दाम 30 रुपए से लेकर 150 रुपए तक है।



## 138 सड़क सुरक्षा मितान बनाकर प्रदान किया गया मेडिकल किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ राहवीर योजना के कार्यक्रम में 1500 लोग हुए शामिल

पुलिस द्वारा एक ही दिवस में जिले में 138 सड़क सुरक्षा मितान बनाया जाकर उनको प्राथमिक उपचार हेतु मेडिकल किट प्रदाय भी किया गया। थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत अलग अलग जगहों से लगभग 1500 लोग राहवीर योजना के कार्यक्रम में शामिल हुए।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा 24 अगस्त को जिले के थाना नवागढ़, पामगढ़, शिवरीनारायण, मुलमुला, अकलतरा, बलौदा, चांपा, सारागांव, बिर्रा एवं चौकी नैला, पंतोरा क्षेत्र के गांव में बनाया गया। थाना चौकी क्षेत्रांर्गत रहवीर योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगो को बताया कि राहवीर योजना एक स्वैच्छिक नागरिक सहायता कार्यक्रम है। इसमें कोई भी आम व्यक्ति जो दुर्घटना के बाद घायल को सुरक्षित नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाता है, उसे 25 हजार रूपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। सड़क सुरक्षा मितानों को मेडिकल किट उपलब्ध कराने के साथ - साथ टोपी भी वितरण किया गया। महिला कमांडों का भी गठन किया गया जिसको टोपी, सीटी वितरण भी किया गया। राहवीर योजना के कार्यक्रम में अलग अलग जगहों से लगभग 1500 लोग शामिल हुए।

## पोस्ट ऑफ द मंथ के लिए शिक्षक का किया गया सम्मान

**अकलतरा।** विकासखंड कार्यालय अकलतरा में बीईओ देवकान्त द्विवेदी , बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस, एबीईओ श्रीमती रत्नमाला सिंह एवं जिला विनोबा टीम के प्रभारी भूपेंद्र चंद्रा के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटघरी ,संकुल - बरग़वा के सहा.शिक्षक रुपेश कुमार सिंह को विनोबा एप में सक्रिय रहते हुए विभिन्न गतिविधियों के साझा करने हेतु जुलाई महीने के विकासखंड स्तरीय पोस्ट ऑफ मंथ विनर होने पर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। विनोबा एप शिक्षकों के लिए एक ऐसा मंच है जो विभिन्न शालेय गतिविधियों जैसे बोलेगा बचपन, टीएलएम निर्माण, खेल-खेल में शिक्षा, कागज के पंख को बच्चों के स्तर के अनुरूप सीखने के विभिन्न गतिविधियों को साझा करने का एक अवसर देता है जिससे कि अन्य शिक्षकों को भी नए-नए तरीके से बच्चों को सीखाने के लिए मार्गदर्शन मिलता है और वे एक दूसरे से सीखते हैं। अकलतरा विकासखंड के शिक्षकों द्वारा नए-नए गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। विनोबा एप इन गतिविधियों को साझा करने का एक बहुत ही अच्छा मंच है जिसके द्वारा अन्य शिक्षक साथी भी इस तरह की गतिविधियों का लाभ प्राप्त कर सकते है।



## सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत और लगन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ **महिला सशक्तिकरण पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं कम्युनिटी सर्विस प्रोजेक्ट समिति के संयुक्त तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिलाओं को केक मेकिंग, रूप सज्जा और मेहंदी जैसी कला रूपों में प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला के अंतिम दिवस पर प्रमाण पत्र वितरण एवं साइबर सिक्योरिटी पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी उमेश कुमार कश्यप ,विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका अकलतरा श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी, थाना प्रभारी मूलमुला पारस पटेल श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल के संचालक डॉ.जे.के.जैन, श्रीमती सुधा शर्मा , रोहित सारथी , राजकुमार साहू उपस्थित रहे।



कार्यशाला के दौरान जानकारी देते एडिशनल एसपी उमेश कश्यप।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश कुमार कश्यप ने कहा कि वर्तमान समय में ठगी लिंक के माध्यम से खातों से पैसे निकालने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसलिए, हमें साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है। कोई भी शॉर्टकट या आसान तरीका सफलता की गारंटी नहीं दे सकता। पारस पटेल ने बताया वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं एक बड़ी समस्या बन गई हैं, और इनसे बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। कार्यशाला को दीप्ति सारथी एवं रोहित सारथी ने भी संबोधित किया। अतिथियों को संस्था के सचिव अंकित जैन के द्वारा प्रतीकात्मक भेंट समर्पित कर उनका सम्मान किया गया। आभार व्यक्त महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.शिखा सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार राठौर,जयंती लहरे, राजमणि द्विवेदी,के के धैर्य, रघुनंदन मार्बल, हिमांशु साहू, शीतल केडिया, निर्मला पालीवाल, प्रीति घोरे,रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अरविंद मिरी, डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, संजीव चौहान, दुर्गा टण्डन,श्वेता सिंह चंदेल एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बैल का पूजन कर मनाया गया पोला पर्व

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में शनिवार को आंचलिक पर्व पोला परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। खेतों के साथी बैलों को सजाकर उनका तिलक और पूजन कर ग्रामीणों ने सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। गांव के किसान योगेश श्रीवास ने अपने घर पर बैलों का विधिवत तिलक कर उनका वंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने बैलों के चरणों में दीप, फूल और अक्षत अर्पित किए और अच्छी फसल की कामना की। पूजा के बाद बैलों को गुड़-चना व पारंपरिक पकवान खिलाए गए। गांव में बच्चों और महिलाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ पर्व में भाग लिया। बच्चों ने बैलों को सजाने में बड़ों का सहयोग किया, वहीं महिलाएं घर-आंगन में पर्व की तैयारियों में जुटी रहीं। ग्रामीणों का कहना है कि पोला पर्व खेती-किसानी में बैलों की अहमियत को सम्मान देने का दिन है। यह पर्व किसानों और बैलों के रिश्ते को और गहरा करता है। दिनभर गांव में उत्सव का माहौल बना रहा और लोग आपसी मिलनसारिता के साथ परंपरा का आनंद उठाते रहे।



## श्रीमद् भागवत परमहंसों की संहिता : ललित वल्लभ महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

झाझरिया परिवार द्वारा अग्रसेन भवन के सामने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के पहले दिन भव्य शोभायात्रा अग्रवाल महिला सत्संग भवन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई कथा स्थल अग्रवाल भवन के सामने पहुंची। इसके बाद कथा प्रारंभ हुआ।

श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्री हित ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब हमारे जन्म जन्मांतरों के पुण्य का उदय होता है तब तब हमें कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है। भागवत कथा कल्पवृक्ष है, श्रीमद् भागवत महापुराण पुराणों में तिलक है, यह कलयुग के दोषों को इस प्रकार दूर करता है जैसे सिंह की गर्जना सुनकर भेड़िया भाग जाते हैं। इसी प्रकार भागवत कथा कलयुग के दोषों को दूर करती है। श्रीमद् भागवत परमहंसों की संहिता है, यह वैष्णव जनों का धन है, श्रीमद् भागवत मोक्ष प्रदान करने वाली है, धुंधकारी जैसे महा पापी का भी उद्धार हुआ। भागवत कथा से पितरों का मोक्ष निश्चित है। महाराज ने बताया कि भागवत भगवान कृष्ण की शब्दमयी प्रतिमा है । जीव को सदा ही भगवान के चरित्रों का श्रवण सदा ही करना चाहिए। महाराज ने बताया कि भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैराग्य जब वृद्धावस्था को प्राप्त हो गए तब श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से युवावस्था को प्राप्त हुए। झाझरिया परिवार ने सभी श्रोताओं से कथा श्रवण करने उपस्थिति की अपील की है।



भागवत भगवान की आरती करते श्रद्धालु एवं इंसेट में ललित वल्लभ महाराज।

## आत्मनिर्भर बनाने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

अगस्त क्रांति की स्मृति में 22 अगस्त को नगर में विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो – स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई बाराद्वार एवं स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बाराद्वार के अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, जिला पंचायत सक्ती सभापति आयुष शर्मा, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई बाराद्वार के प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी दिनेश शर्मा, योगेश अग्रवाल, सतीष जिंदल , मोहन तोदी, विष्णु जिंदल, रमेश सिंघानिया, राधेश्याम अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, डिंपू शर्मा, अरुण शर्मा, राजेश अग्रवाल, जय किशन केडिया, पंकज सांवड़िया, अजय सिंह राजपूत, संजय जैन सहित अन्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अनिवार्य है। विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम कर स्थानीय उत्पादों और उद्योगों को बढ़ावा देने से ही भारत की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित होगी। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने आह्वान किया कि वे स्वदेशी को अपनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान दें।



संगोष्ठी में आयोजित चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी।

### घिवरा में पत्रकार कुंजबिहारी की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह

# प्रतिभा सम्मान से छात्र-छात्रा हर साल कर रहे बेहतर पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घिवरा में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। आयोजित सम्मान कार्यक्रम में 15 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। यहां छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे। अध्यक्षता जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, विशिष्ट अतिथि सक्ती के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, सरपंच विनय कश्यप, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मोतीलाल कश्यप समेत अन्य अतिथि मौजूद थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस आयोजन से उनमें पढ़ने की ललक बढ़ी है। यह आयोजन उनके हौसले को बढ़ाया है। उन्होंने आगे अच्छी तरह से पढ़ाई करने की बात कही और कहा कि दूसरे छात्र-छात्रा को भी प्रोत्साहित करने का कार्य यह आयोजन कर रहा है। इधर विधायकों और कलेक्टर ने कहा कि इस आयोजन से वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की यादें चिरस्थायी हो गई है, वहीं प्रतिभा सम्मान से छात्र-छात्राओं का भविष्य में सुधार हो रहा है। छात्र-छात्रा, हर साल बेहतर पढ़ाई कर रहे हैं और उनके रिजल्ट में सुधार हो रहा है। ऐसे में यह आयोजन छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इससे पहले आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्रुति साहू और आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के सदस्य राजीव लोचन साहू ने किया। इस मौके पर जागवत साहू, हरेकृष्ण साहू, मनोज गुप्ता, रामकृष्ण साहू, जगदीश साहू, भूपेन्द्र कश्यप, लक्ष्मी नारायण डड़सेना, रामेश्वर प्रसाद देवांगन, रायसिंह बघेल, रोशन शाह, रवि पाण्डेय, संदीप ढीढी, कृष्ण कुमार कश्यप, मंजू पटेल, ज्योति जाहिरे समेत अभिभावक समेत छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में मौजूद थे।




प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करते अतिथि।

